Roll No. :

कुल प्रश्नों की संख्या : 18]
Total No. of Questions : 18]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08
[Total No. of Printed Pages : 08

# K-241070-A

## हाई स्कूल परीक्षा / High School Examination

## विषय : हिन्दी
## Subject : Hindi

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 75
[Maximum Marks : 75

**सामान्य निर्देश :-**

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड (स) में उचित संबंध जोडिए संबंधी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द सीमा 50 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।



https://www.cgboardonline.com

(v) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 पत्र-लेखन एवं अपठित गद्यांश हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 18 निबंध लेखन का प्रश्न है। इसका उत्तर लगभग 250-300 शब्दों में लिखिए। इस प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित हैं।

(viii) प्रश्न क्रमांक 11 से 18 तक के सभी प्रश्नों में विकल्प दिया गया है।

---

**प्रश्न-1** (खण्ड 'अ') सही विकल्प चुनकर लिखिए। **[1x5=5]**

(i) वीर नारायण सिंह थे-

(अ) बिंझवार राजपूत

(ब) भोंसला राजपूत

(स) बघेल राजपूत

(द) ठाकूर राजपूत

(ii) 'पर्जन्य' का शाब्दिक अर्थ है-

(अ) बादल

(ब) हवा

(स) पानी

(द) आग



https://www.cgboardonline.com

(iii) "वह अपनी माटी को छोड़कर जा चुका था" पंक्ति में शब्द शक्ति है-

(अ) अभिधा

(ब) व्यंजना

(स) लक्षणा

(द) इनमें से कोई नहीं

(iv) 'धरती के हीरा' कहा गया है-

(अ) देवता

(ब) मनुष्य

(स) मिट्टी

(द) आकाश

(v) सूखा वृक्ष देखकर लेखक को लगा जैसे-

(अ) कोई परछाई हो

(ब) गरीब आदमी खड़ा हो

(स) सुन्दर कलाकृति हो

(द) पेड़ का कंकाल हो

**प्रश्न-1** (खण्ड 'ब') रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- [1x5=5]

(i) लोरिक और चंदा की प्रणय-गाथा _____ लोकनाट्य में प्रस्तुत की जाती है।

(ii) मीरा के लिए विष का प्याला _____ ने भेजा था।

(iii) 'प्राण-पखेरु उड़ना' का अर्थ _____ है।

(iv) भूख तो अपने-आप में एक _____ होती है।

(v) अमरकंटक में _____ खनिज का अक्षुण्ण भंडार है।

प्रश्न-1 (खण्ड 'स') उचित संबंध जोड़िए- [1x5=5]

| | (क) | (ख) |
|---|---|---|
| (i) | अंतिम पूँजी | मनुष्य जीवन |
| (ii) | हल चलाने वाला | निर्जन |
| (iii) | ईश्वर का प्रतिनिधि | कन्या |
| (iv) | विजन | नँगरिहा |
| (v) | झरने के समान | जनता |

प्रश्न-2 रीतिकाल को अन्य किन नामों से जाना जाता हैं? दो नाम लिखिए। [1+1=2]

प्रश्न-3 समास विग्रह कर प्रकार का नाम लिखिए। $[\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2]$

(i) हस्तलिखित

(ii) ठण्डी-बुझी

प्रश्न-4 अमरकंटक क्षेत्र को आम्रकूट किसने और क्यों कहा है? [1+1=2]

प्रश्न-5 विदाई के समय माँ बेटी को किस पर रीझने से मना कर रही है? [2]

प्रश्न-6 'गृह प्रवेश' कविता में कवि ने अतिथियों और चिड़ियों में क्या समानताएँ बताई हैं? (कोई दो समानता लिखिए) [2]

प्रश्न-7 छत्तीसगढ़ की नाट्यविधा 'नाचा' को संक्षिप्त में समझाइए। [3]

प्रश्न-8 मीराबाई को राम रतन रुपी जो धन प्राप्त है, उसके बारे में क्या-क्या बता रहीं है? तीन बिंदुओं में लिखिए। [1+1+1=3]



https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-9** ज्ञान मार्गी शाखा की विशेषताएं लिखिए (कोई तीन) [1+1+1 =3]

**प्रश्न-10** महादेवी वर्मा को अन्य विद्यार्थियों की अपेक्षा घीसा ही क्यों याद रहा? कोई तीन कारण लिखिए। [1+1+1 =3]

**प्रश्न-11** लेखक ने क्यों कहा कि हमारे विचार लचीले और समन्वयवादी होने चाहिए? स्पष्ट कीजिए। [4]

**अथवा**

"जीवन का झरना" कविता में मानव का मृत हो जाना क्यों और कब बताया गया है? https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-12** लेखक बनने के लिए शरद बाबू के क्या-क्या सुझाव थे? [4]

**अथवा**

"गोधूलि" पाठ में युवक के द्वारा कहानी सुनाने के बाद निस्तब्धता क्यों छा गई?

**प्रश्न-13** निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए:- [4]

देख आया चन्द्रगहना।
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेड़ पर इस खेत की बैठा अकेला।
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिंगना चना,
बाँधे मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का,
सज कर खड़ा है।
पास ही मिल कर उगी है



https://www.cgboardonline.com

बीच में अलसी हठीली,
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नील फूले फूल को सिर पर चढ़ाकर
कह रही है, जो छुए यह,
दूँ हृदय का दान उसको।

**अथवा**

ऋतु बसंत का सुप्रभात था
मंद-मंद था अनिल बह रहा
बालारुण की मृदु किरणें थी
अगल-बगल स्वर्णाभ शिखर थे
एक-दूसरे से विरहित हो
अलग - अलग रहकर ही जिनको
सारी रात बितानी होती
निशाकाल के चिर - अभिशापित
बेबस उन चकवा - चकई का
बंद हुआ क्रंदन, फिर उनमें
उस महान सरवर के तीरे
शैवालों की हरी दरी पर
प्रणय कलह छिड़ते देखा है।

प्रश्न-14 मजदूरों का पारिबारिक जीवन कैसा होता है? चार बिन्दुओं में वर्णन कीजिए। [1+1+1+1=4]

**अथवा**

'सबका दु:ख अलग-अलग होता है'। लोग किस-किस तरह के दु:ख का अनुभव करते हैं? किन्ही चार दु:खों के अनुभव का वर्णन कीजिए।



https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-15** मरिया कहानी के नायक का नाम क्या है? मरिया प्रथा ने नायक के जीवन को किस तरह बदल दिया? |1+3=4|

**अथवा**

शब्द-गुण किसे कहते है? इसके प्रकारों को परिभाषित कीजिए।

**प्रश्न-16** किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए जिसमें आम जनता को मतदान करने हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया हो। |5|

**अथवा**

आपके द्वारा भ्रमण किये गए छत्तीसगढ़ राज्य के किसी एक पर्यटन स्थल की विशेषता बताते हुए छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न-17** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(कोई पांच)** |1+1+1+1+1=5|

आज यदि माता-पिता किसी बात से सबसे ज्यादा परेशान हैं तो वह है, अपने बच्चों की मोबाइल फोन के प्रति दीवानगी। वास्तव में नई पीढ़ी बचपन से ही मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के बीच बड़ी हो रही है और इस वजह से इन चीजों का लगाव, उपयोग के बजाय इनसे मनोरंजन करने की हद तक बढ़ जाता हैं।

'मेंटल हेल्थ फाउण्डेशन' के संस्थापक और वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. जय रंजन राम का कहना है कि इंटरनेट के बेतहाशा उपयोग ने उनकी दिमागी हालत, एकाग्रता, सामाजिक व्यवहार और संस्कृति पर किस तरह प्रतिकूल असर डाल रहा है। यह जानकारी देने वाला कोई नहीं है।

सोशल मीडिया आज के युवाओं को असहिष्णुता, ईर्ष्या,



https://www.cgboardonline.com

आत्ममुग्धता, हिंसा, दिखावा की प्रवृत्ति बदमिजाजी से आगाह करने के बजाए जाने-अनजाने इसकी ओर धकेलती है।

इस सबको समझने और बचने की आवश्यकता है। मोबाइल की लत छुड़ाने के लिए खेल गतिविधियाँ, परिवार के सदस्यों के बीच बातचीत, जरूरी कामों की प्राथमिकता, फोन के उपयोग का समय निर्धारण करना जरूरी है।

**प्रश्न:**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) वर्तमान में माता-पिता की परेशानी का क्या कारण है?

(iii) सोशल मीडिया हमे किस ओर धकेलती है?

(iv) मोबाइल की लत छुड़ाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

(v) इंटरनेट युवाओं पर किस प्रकार प्रतिकूल असर डाल रहा है?

(vi) वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. जय रंजन राम किस संस्था के संस्थापक है?

**प्रश्न-18** निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर 250 से 300 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए- **[2+4+2 =8]**

(1) पर्यावरण सुरक्षा – हमारा कर्तव्य

(2) बेरोजगारी के कारण व निदान

(3) छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल

(4) चंद्रयान – 3 : हमारा गौरव

(5) परहित सरिस धर्म नहीं भाई

https://www.cgboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

************



https://www.cgboardonline.com